# गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष में
# हिंदी संगोष्ठी तथा आंतरिक कवि सम्मेलन

भारत सरकार, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा प्राप्त वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार हिंदी को और अधिक बढावा देने के उद्धेश्य से **गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष में** हिंदी संगोष्ठी तथा आंतरिक कवि सम्मेलन आयोजित करने का प्रावधान है। इसी के अंतर्गत ईपीआई, कॉर्पोरेट कार्यालय में दिनांक 18 जुलाई, 2025 **(शुक्रवार)** को गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष में हिंदी संगोष्ठी तथा आंतरिक कवि सम्मेलन का आयोजन अपराह्न 2.30 बजे से 5.00 बजे तक स्कोप कॉम्प्लैक्स, कोर–3, लोधी रोड स्थित चौथी मंजिल के सम्मेलन कक्ष में किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय डॉ. राजाराम यादव, उप महा प्रबंधक (राजभाषा) एव सदस्य सचिव नराकास (उपक्रम–।।) उपस्थित हुए। हिंदी संगोष्ठी तथा आंतरिक कवि सम्मेलन में समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों को भी ऑनलाइन लिंक बनाकर जोडा गया।

सर्वप्रथम सदस्य सचिव, राजभाषा ने मंच की शुरुआत की तथा श्री एस. हसन, अध्यक्ष, रा.का.सं. ने आमंत्रित वक्ता माननीय डॉ. राजाराम यादव, उप महा प्रबंधक (राजभाषा) एव सदस्य सचिव नराकास (उपक्रम–।।) का शॉल तथा पुस्तक देकर उनका सम्मान किया। आमंत्रित अथिति वक्ता ने राजभाषा हिंदी को बढावा देने के लिए समस्त प्रतिभागियों का ध्यान एकत्रित किया तदोपरांत माननीय आमंत्रित वक्ता डॉ. राजाराम जी द्वारा सम्मेलन की शुरुआत की गई। इस हिंदी संगोष्ठी तथा आंतरिक कवि सम्मेलन में श्रीमती अनुश्री गुप्ता, श्री श्रीक़ांत पाण्डये, श्री प्रणजीत गोस्वामी, श्री चंदन मौर्य, श्री नरेन्द्र चौहान, श्रीमती सुषमा, श्री शांतिलाल, श्रीमती ऐलिशा, श्रीमती सोनाली हंस, कु. रंजना कुमार, श्री विनित चौहान, श्री ओम प्रकाश, श्रीमती अंकिता श्रीवास्तव आदि ने बढचढ कर भाग लिया। हिंदी संगोष्ठी तथा आंतरिक कवि सम्मेलन में आमंत्रित वक्ता माननीय डॉ. राजाराम यादव, उप महा प्रबंधक (राजभाषा) एव सदस्य सचिव नराकास (उपक्रम–।।) ने अपनी हिंदी की रसिक कविताएं तथा हास्य व्यंग्य सुना कर प्रतिभागियों की रुचि बढाई तथा राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति कर्मचारियों के दायित्व को अधिक से अधिक बढावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने संबोधन में हिंदी को अधिक से अधिक बढावा देने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया जिसमें हिंदी पत्राचार, हिंदी टिप्पण लेखन, ई–मेल में हिंदी का प्रयोग, हिंदी अनुवाद पर विशेष रुप से मार्गदर्शन किया।

इस सम्मेलन में समस्त स्तर के लगभग 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को माननीय डॉ. राजाराम यादव, उप महा प्रबंधक (राजभाषा) एव सदस्य सचिव नराकास (उपक्रम–।।) तथा अध्यक्ष, रा.का.सं. श्री एस. हसन द्वारा भेंट स्वरुप पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष, रा.का.सं. द्वारा आमंत्रित वक्ता का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीष शंकरराव गवई, प्रबंधक राजभाषा ने किया तथा कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था श्रीमती तबस्सुम खान, कार्यकारी राजभाषा द्वारा की गई।

— राजभाषा प्रभाग, कॉर्पोरेट कार्यालय

**सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग (वेबसाइट में डालने हेतु)**


Engineering Projects (India) Ltd.
कोर-3, स्कोप कॉम्पलेक्स
Core-3, SCOPE Complex




गृह मंत्रालय
के @ ५० के


राजभाषा प्रभाग
के उपलक्ष में
एव